**Sixteenth Loksabha**

p>

Title: Need to establish a Kendriya Vidyalaya in Sambhal district, Uttar Pradesh - Laid.

**श्री सत्यपाल सिंह (सम्भल):** मैं आपका ध्यान अति महत्वपूर्ण विषय "सम्भल में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना की ओर आकृष्ट करना चाहता हूँ। सम्भल एक अति पिछड़ा क्षेत्र है और ये एक ऐतिहासिक नगर है जो पृथ्वीराज चौहान की राजधानी रहा है। धार्मिक दृष्टिकोण से भी इसका काफी महत्व है। सम्भल में साक्षरता का प्रतिशत काफी कम है क्योंकि पिछड़ा, गरीब और ग्रामीण क्षेत्र होने के साथ-साथ यहाँ विद्यालयों की भी काफी कमी है। बच्चे (छात्र-छात्राएं) विद्यालयों की कमी के कारण शिक्षा से वंचित रह जाते हैं। सम्भल में कोई केंद्रीय विद्यालय नहीं है जबकि आस-पास के सारे जनपदों में केंद्रीय विद्यालय हैं। मैंने पूर्व में भी पत्र के माध्यम से कई बार इसके बारे में माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री भारत सरकार से निवेदन किया है। उत्तर प्रदेश सरकार को भी केंद्रीय विद्यालय खुलवाने के लिए भूमि का प्रस्ताव भिजवा दिया है। परंतु अभी तक मेरे जनपद सम्भल में केंद्रीय विद्यालय स्वीकृत नहीं हुआ है। क्षेत्रवासियों की निगाहें बरबस सरकार की ओर है।

मैं माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री जी व सरकार से पुनः निवेदन करता हूँ कि क्षेत्रवासियों के हित में व बच्चों के सुनहरे भविष्य के निर्माण के लिए सम्भल जनपद में यथाशीघ्र केन्द्रीय विद्यालय स्वीकृत कर बनवाने की कृपा करें।